# विकलांगता जाँच अनुसूची

द्वारा डा. गीता चोपड़ा, असोसियेट प्रौफेसर, बाल विकास विभाग, इन्स्टीट्यूट ऑफ होम इकोनोमिक्स, (दिल्ली विश्व विद्यालय), हौज़ खास एन्कलेव नई दिल्ली–110016

## भाग (क) : माता–पिता से यह जानकारी लें

1. बच्चे का नाम :
2. पिता का नाम :
3. माता का नाम :
4. घर का पता :
5. बच्चे का लिंग : 1) लड़का 2) लड़की
6. बच्चे की उम्र : 1) 0–3 महीना 2) 3–6 महीना 3) 6–12 महीना 4) 1–2 साल
   5) 2–3 साल 6) 3–4 साल 7) 4–5 साल 8) 5–6 साल
7. बच्चे की जन्म तिथि :
8. माँ का शिक्षा स्तर : 1) अनपढ़ 2) पाँचवी तक 3) दसवीं तक 4) दस से ज्यादा
9. माँ के कितने बच्चे है। :
10. इस बच्चे के जन्म के समय माँ की क्या उम्र थी :
11. बच्चे का जन्म क्रम क्या है (पहला–1, दूसरा–2) :
12. क्या बच्चा गर्भ की पूरी अवधि समाप्त होने पर पैदा हुआ था : हाँ / नहीं
13. जन्म के तुरंत बाद क्या बच्चे रोया था : हाँ / नहीं
14. क्या गर्भकाल व जन्म बिना समस्या के हुआ था : बिना समस्या / समस्या हुई थी
15. क्या इस शिशु को कोई रोग तो नहीं हुआ (जैसे पीलिया, नीलापन, तेज बुखार) : हाँ / नहीं
16. क्या शादी से पूर्व इस बच्चे के माता–पिता का खून का रिश्ता था : हाँ / नहीं
17. क्या बच्चे को कभी दौरे पड़ते हैं या बेहोश हो जाता है : हाँ / नहीं
18. क्या बच्चे की आँख अक्सर लाल हो जाती है और उनमें पानी बहता है : हाँ / नहीं
19. क्या बच्चे के कान बहते हैं और उनमें से पस निकलती है : हाँ / नहीं
20. क्या वह अक्सर कान दर्द या सिर दर्द की शिकायत करता है : हाँ / नहीं
21. बच्चे ने यह सब कम करना शुरू किया :
    (क) गर्दन संभालना (3–6 महीना) ....................................
    (ख) पलटी लेना (3–6 महीना) ....................................
    (ग) बिना सहारे बैठना (9 महीना) ....................................
    (घ) बिना सहारे चलना (18 महीना) ....................................
    (ड़) कुछ शब्द बोलना (2 साल) ....................................
    (च) अपना नाम बताना (3 साल) ....................................
    (छ) खुद खाना खाना (4 साल) ....................................
    (ज) खुद तैयार होना (5 साल) ....................................
22. (18 महीने से बड़े बच्चे के लिए)
    जब आप बच्चे से कुछ करने को कहते हैं, तो क्या उसे आपकी बात समझ आती है कि नहीं? हाँ / नहीं
23. (3 साल से बड़े बच्चे के लिए)
    क्या बच्च बोलता है? क्या उसकी बात परिवार के सदस्यों के अलावा अन्य व्यक्ति समझ लेते हैं? हाँ / नहीं

## भाग (ख) : बच्चे की जाँच

1. बच्चे के शरीर की जाँच करें।
   (क) साधारण
   (ख) कोई अंग अनुपस्थित या विकृत है
   (ग) बहुत ज़्यादा छोटा या कमजोर
   (घ) शरीर लगातार काँपता है
2. बच्चा किस प्रकार चलता है।
   (क) साधारण
   (ख) लंगड़ा कर
   (ग) चल नहीं पाता
3. रीढ़ की हड्डी की जाँच।
   (क) साधारण
   (ख) कुछ तकलीफ है
4. आँखों की जाँच।
   (क) साधारण
   (ख) भैंगापन
   (ग) आँखों की पुतली सफेद या धुँधली है
   (घ) कोई अन्य तकलीफ
5. कानों की जाँच।
   (क) साधारण
   (ख) विकृत
   (ग) पस निलकती है
6. **बच्चे में दृष्टि बाधिता की पहचान।**

बच्चे को गोद में बिठाएँ। बच्चे को 12–20 इंच की दूरी पर पेन या कोई खिलौना दिखाएँ। यह वस्तु एक तरफ से दूसरी तरफ घुमाते रहें। देखिए क्या बच्चा अपना सिर वस्तु के साथ–साथ घुमाता है या नहीं।

7. **बच्चे में श्रवण बाधिता की पहचान।**

बच्चे को एक शांत स्थान पर बिठाएँ। बच्चे के दोनों तरफ 1–3 फुट की दूरी पर एक छुनछुना बजाएँ। ध्यान रखे की आवाज़ तब करें जब बच्चा आपकी तरफ न देख रहा हो। बच्चे के सिर घुमाने की प्रक्रिया पर ध्यान दें।

## भाग (ग) : जाँचे गए बच्चे के विकास की समीक्षा

1. बच्चा साधारण व ठीक है।
2. अगर बच्चा ठीक नहीं है, तो समस्या कहाँ है?
   (1) शारीरिक विकलांगता
   (2) मंद बुद्धिता
   (3) दौरे
   (4) बोलने में परेशानी
   (5) सुनने में परेशानी
   (6) देखने में पेरशानी
   (7) अन्य कोई, बताएँ
3. क्या परिवार को बताया है कि बच्चे को इलाज के लिए कहाँ ले कर जाना है? अगर हाँ, तो कहाँ?
4. क्या माता–पिता को पहले से इस तकलीफ का पता था?
   अगर हाँ, तो क्या बच्चे का कोई इलाज करवाया था? विवरण करो।

**सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा निधिबद्ध प्रोजेक्ट "बालपन में विकलांगताओं से लड़ने के लिए एक नवीन प्रशिक्षण प्रतिरूपकः एक परीक्षणात्मक परियोजना" के अंतर्गत प्रकाशित।**